**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 753**

**29 नवंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**मेडिकल कॉलेजों के लिए पदोन्नति योजना**

**753. श्री धर्मबीर सिंह:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने मेडिकल कॉलेजों में सहायक प्रोफेसरों के लिए एक मानक वेतनमान विनिर्दिष्ट किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या मेडिकल कॉलेज संकाय के लिए कोई अनुमोदित पदोन्नति योजना है, जिसमें सहायक प्रोफेसर से कैरियर की प्रगति के लिए समय-सीमा, मानदंड और प्रक्रियाएं शामिल हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या गतिशील कैरियर प्रगति योजनाएं, जैसे 'डायनेमिक एश्योर्ड कैरियर प्रोग्रेसन' (डीएसीपी) को चिकित्सा संकाय में लागू किया जा रहा है ताकि समय पर और निरंतर कैरियर प्रगति सुनिश्चित की जा सके और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार उन विश्वविद्यालयों और मेडिकल कॉलेजों की सूची प्रदान करेगी जो वर्तमान में अपने संकाय सदस्यों के लिए डीएसीपी योजनाएं या समान कैरियर प्रगति फ्रेमवर्क्स लागू कर रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क): संघ सरकार के नियंत्रणाधीन मेडिकल कॉलेजों में सहायक प्रोफेसरों के लिए वेतनमान का विवरण निम्नानुसार है:

(i) संस्थान जैसे एम्स दिल्ली, जिपमेर पुडुचेरी, पीजीआईएमईआर चंडीगढ़, अन्य सभी एम्स और निग्रिम्स शिलांग:- संस्थानों के लिए निर्दिष्ट वेतन मैट्रिक्स का वेतन मान-12 है।

(ii) आरआईएमएस इम्फाल और केंद्र सरकार के मेडिकल कॉलेज जैसे वीएमएमसी, एबीवीआईएमएस और एलएचएमसी:- 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स का वेतन मान-11 निर्दिष्ट है।

(ख) से (घ): संघ सरकार के नियंत्रणाधीन मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों के लिए पदोन्नति संबंधी योजनाओं का विवरण इस प्रकार है:

(i) एम्स दिल्ली, जिपमेर पुडुचेरी, पीजीआईएमईआर चंडीगढ़, अन्य सभी एम्स और निग्रिम्स, शिलांग जैसे संस्थान मूल्यांकन पदोन्नति योजना (एपीएस) का अनुपालन करते हैं जिसके तहत सहायक प्रोफेसर से आगे समयबद्ध पदोन्नति की जाती है। एपीएस के तहत पदोन्नति मूल्यांकन बोर्ड/आंतरिक स्क्रीनिंग समिति और स्थायी चयन समिति द्वारा मूल्यांकन के अधीन है।

(ii) रिम्स इम्फाल टाइम स्केल प्रमोशन (टीएसपी) योजना का अनुपालन करता है जिसके तहत सहायक प्रोफेसर से आगे समयबद्ध पदोन्नति की जाती है। टीएसपी के तहत पदोन्नति विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा मूल्यांकन के अधीन है।

(iii) केंद्र सरकार के मेडिकल कॉलेज डायनेमिक एश्योर्ड करियर प्रोग्रेसन (डीएसीपी) योजना का अनुपालन करते हैं जिसके तहत सहायक प्रोफेसर से आगे समयबद्ध पदोन्नति की जाती है। डीएसीपी के तहत पदोन्नतियां विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा मूल्यांकन के अधीन की जाती हैं।

*****